महानगर नई दिल्ली बुधवार 10 जुलाई, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## भ्रष्टाचार, हथियारों की तस्करी के मामले

# 19 राज्यों में सीबीआइ के छापे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

भ्रष्टाचार, हथियारों की तस्करी, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं गबन के मामलों में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने मंगलवार को देशव्यापी अभियान चलाया। इसके तहत सीबीआइ ने भ्रष्टाचार, आपराधिक कदाचार और हथियारों की तस्करी के विभिन्न मामलों में दर्ज प्राथमिकियों के सिलसिले में 19 राज्यों में 110 स्थानों पर छापेमारी की।

मायावती के कार्यकाल के दौरान हुए चीनी मिल विनिवेश घोटाले के सिलसिले में

**मायावती** के कार्यकाल के दौरान हुए चीनी मिल विनिवेश घोटाले के सिलसिले में छापे
**कई** सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों पर भी छापे, 30 नए मामले दर्ज
**दिल्ली**, यूपी, उत्तराखंड, ओड़ीशा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और बिहार में छापे जारी

सीबीआई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के पूर्व सचिव के परिसरों सहित लखनऊ और एनसीआर में 11 जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजंसी ने कथित भ्रष्टाचार, हथियारों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के सिलसिले में 19 राज्यों में 110 जगहों पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने 30 ताजा मामले दर्ज किए हैं।अधिकारियों के अनुसार सीबीआइ ने 30 नए मामले दर्ज किए हैं।


खबर लिखे जाने तक छापेमारी अभियान जारी था। अधिकारियों के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक यह क्रम जारी रहेगा। सीबीआइ एक हफ्ते में यह दूसरी बार सघन छापा अभियान चला रही है। ऐसा ही अभियान मंगलवार को बैंकिंग धोखाधड़ी के बाकी पेज 8 पर

# कर्नाटक में जारी नाटक

## नौ विधायकों के इस्तीफे तय प्रारूप में नहीं : विधानसभाध्यक्ष

बंगलुरु, 9 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष के. आर रमेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सत्ताधारी कांग्रेस-जद (सेकु) गठबंधन के 14 में से नौ बागी विधायकों के इस्तीफे निर्धारित प्रारूप में नहीं है और उन्होंने विधायकों को सही प्रारूप में इसे सौंपने को कहा है। राज्य में गठबंधन सरकार बचाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष से उसके बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने की मंगलवार को मांग की और भाजपा पर उसके सदस्यों को लुभाने के लिए धनबल के इस्तेमाल का आरोप लगाया। इससे पहले, पार्टी के एक और विधायक ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।



रमेश कुमार

अध्यक्ष कुमार ने पत्रकारों को बताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के 14 विधायकों में से नौ विधायकों के इस्तीफे पत्र निर्धारित पत्र में नहीं हैं और उन्होंने विधायकों को सही प्रारूप में इसे सौंपने को कहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुमार ने कहा, '(पहले) सौंपे गए इन 14 इस्तीफा पत्रों में से पांच के इस्तीफा पत्र निर्धारित प्रारूप में हैं।' उन्होंने अपने कक्ष में संवाददाताओं से कहा, 'इन पांच विधायकों में आनंद सिंह, नारायण गौड़ा, प्रताप गौड़ा पाटील, गोपालैया और रामलिंगा रेड्डी शामिल हैं।' विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिन बाकी पेज 8 पर



पत्रकारों से बात करते हुए कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुंडु राव

### विधायकों के खिलाफ कार्रवाई हो : गुंडु राव

**विधानसभा** अध्यक्ष से मुलाकात के बाद कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख दिनेश गुंडू राव ने पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के निर्णय के अनुसार उन्होंने 'इस्तीफा देने वाले और सरकार को गिराने के लिए भाजपा से साठगांठ करने वाले' विधायकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की स्पीकर से मांग की है। इससे पहले, ताजा संकट के बाद हुई कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक में 20 विधायक अनुपस्थित थे। इनमें 11 विधायक भी शामिल हैं, जिन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सात विधायकों ने स्वास्थ्य समेत अन्य कारणों का हवाला देते हुए बैठक में शामिल नहीं होने की छूट के लिए अनुमति मांगी थी।

### 'लौटें या नतीजे भुगतें'

कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस्तीफा देने वाले विधायकों से वापस लौटने या नतीजे भुगतने के लिए कहा। सिद्धरमैया ने दावा किया कि कर्नाटक में गठबंधन सरकार बनने के बाद से भगवा पार्टी 'लगातार' इस सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी ने पहले भी सरकार को अस्थिर करने के पांच बार प्रयास किए थे और यह उनका छठा प्रयास है, वे इस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय नेता प्रत्यक्ष रूप से इस प्रयास में शामिल हैं।



### कर्नाटक के विधायक अब भी मुंबई में

मुंबई, 9 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद तीन दिन पहले मुंबई आए एक दर्जन विधायक अब भी यहीं डेरा डाले हुए हैं। कर्नाटक कांग्रेस के विधायक बीसी पाटील की ओर से यह पुष्टि की गई। वहीं, घोषणा की गई कि कर्नाटक कांग्रेस के नेता व मंत्री **डीके शिवकुमार** अपनी पार्टी के बाकी पेज 8 पर



## 'बालाकोट और लक्षित हमले के बाद घुसपैठ में कमी'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार लक्षित हमले व बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ में भारी कमी आई है।



नित्यानंद राय

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सीमा पार से घुसपैठ में पिछले साल की तुलना में इस साल के शुरुआती छह माह में 43 फीसद की कमी आई है। गृह मंत्रालय के मुताबिक आतंक पर सरकार की ओर से उठाए गए कड़े कदमों से घुसपैठ ही नहीं आतंकवादी गतिविधियों और आतंकियों की स्थानीय भर्ती में भी कमी बाकी पेज 8 पर

## भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी ने कहा

# गांधी जयंती से पटेल जयंती तक पदयात्रा करें भाजपा सांसद

नई दिल्ली, 9 जुलाई (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा सांसदों से दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के बीच अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में 150 किलोमीटर की पदयात्रा करने तथा गांधी जी के विचारों का प्रचार एवं पौधरोपण करने को कहा।



संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को भाजपा संसदीय पार्टी की बैठक में पार्टी सांसदों को संबोधित करते हुए लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा सदस्यों से भी भाजपा संगठन की ओर से आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने को कहा।

जोशी ने बताया, 'इन यात्राओं का मकसद गांवों का उन्नयन और शून्य बजट कृषि को प्रोत्साहित करते हुए गांव को आत्मनिर्भर बनाना है।' संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांधी जयंती से पटेल जयंती (2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) तक सभी सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में 150 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। इसके लिए अलग-अलग समूह बनेंगे और सांसद एक दिन एक समूह के साथ पदयात्रा करेंगे। इसमें भाजपा बाकी पेज 8 पर

## अमदाबाद जिले के वरमोर की घटना, उच्च जाति के थे संबंधी

# पत्नी के रिश्तेदारों ने की दलित युवक की हत्या

अमदाबाद, 9 जुलाई (भाषा)।

गुजरात के अमदाबाद जिले के एक गांव में 25 वर्षीय दलित व्यक्ति की उसकी पत्नी के रिश्तेदारों ने कथित रूप से हत्या कर दी। उसकी पत्नी उच्च जाति से ताल्लुक रखती है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात हरीश सोलंकी अपनी पत्नी उर्मिलाबेन को लिवाने के वास्ते अपने ससुराल वालों को मनाने के लिए मंडल तालुका के वरमोर गांव गया था। तभी यह घटना हुई। उसकी पत्नी दो माह की गर्भवती है। उर्मिलाबेन ऊंची जाति के दरबार समुदाय से आती है।



उर्मिलबेन और हरीश सोलंकी *(फाइल फोटो)*

पुलिस उपाधीक्षक (एससी/एसटी प्रकोष्ठ) पीडी मानवर ने बताया कि सोलंकी ने उर्मिला के माता-पिता की मर्जी के खिलाफ कुछ महीने पहले उससे शादी की थी और उसे कच्छ जिले के गांधीगाम ले गया था, जहां वह अपने माता-पिता के साथ रहता है। मानवर ने बताया कि उर्मिला के रिश्तेदार उसे वापस ले आए और कहा कि उसे कुछ हफ्तों बाद सोलंकी के पास वापस भेज देंगे, लेकिन जब उन्होंने करीब दो महीने तक उसे वापस नहीं भेजा तो सोलंकी ने अपने ससुराल वालों को मनाने के लिए उनके घर जाने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को सोलंकी ने महिला हेल्पलाइन 'अभयम 181' की मदद ली और हेल्पलाइन की गाड़ी में सवार होकर वरमोर गया।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सोलंकी गाड़ी के बाकी पेज 8 पर

## स्टेट बैंक ने ब्याज दर में 0.05 फीसद कटौती की

मुंबई, 9 जुलाई (भाषा)।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचने की उम्मीद व्यक्त किए जाने के एक दिन बाद देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने मंगलवार को अपनी सभी अवधि के कर्ज पर सीमांत लागत आधारित ब्याज दर में 0.05 बाकी पेज 8 पर

## पर्दे के पीछे चल रही बैठकों पर द्विवेदी ने उठाए सवाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के मद्देनजर अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद पार्टी में नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर अंदरूनी घमासान तेज हो गया है। नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ कर्ण बाकी पेज 8 पर



## गाने में अश्लीलता का आरोप, हनी सिंह पर मामला दर्ज

चंडीगढ़, 9 जुलाई (भाषा)।

पंजाब पुलिस ने एक नए गाने में महिलाओं के खिलाफ अश्लील शब्दों के इस्तेमाल के आरोप को लेकर पॉप गायक हनी सिंह और निर्माता भूषण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पंजाब राज्य महिला आयोग ने हनी सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बाकी पेज 8 पर



**सराहनीय** गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार भिखारियों की संख्या पांच हजार

# लखनऊ में भिखारी करेंगे काम, मिलेगी पगार

लखनऊ, 9 जुलाई (भाषा)।


नगर निगम शहर के भिखारियों को रोजगार देने की योजना बना रहा है ताकि ये लोग भीख मांगने का काम छोड़ कर अपनी मेहनत के बल पर रोजी-रोटी कमाएं और अपना व अपने परिवार का पेट भरने में सक्षम हों।

नगर निगम के रिकार्ड के मुताबिक शहर में कुल 543 भिखारी हैं लेकिन गैर-सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह संख्या करीब पांच हजार है। लखनऊ नगर निगम शहर में भीख मांगने वाले इन्हीं लोगों को रोजगार देने की योजना बना रहा है। इसके लिए नगर निगम के सभी वार्डों में सर्वे किया जा रहा है।

नगर आयुक्त इंद्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार

**नगर** निगम की भिखारियों को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल
**योग्यता** और क्षमता के मुताबिक दिया जाएगा काम
**543** भिखारी हैं लखनऊ में नगर निगम के रिकार्ड के मुताबिक
**5000** के करीब संख्या है गैर-सरकारी आंकड़ों के अनुसार
**8** से 9 हजार वेतन मिलेगा प्रशिक्षण के बाद भिखारियों को

**भिखारियों** को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में उनको काम पर लगाया जाएगा। इस काम में समाज कल्याण विभाग की भी मदद ली जा रही है। -इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त



को बताया कि सर्वेक्षण के अनुसार शहर में 543 भिखारी हैं जिन्हें नगर निगम रोजगार देने की योजना पर काम कर रहा है। हमारी यह योजना भीख मांगने वालों को मुख्यधारा में जोड़ने के मकसद से चलाई जा रही है। इन लोगों से नगर निगम के कुछ काम करवाने की योजना है, जैसे- घर-घर जाकर कचरा जमा करना, सफाई का काम, सड़कों पर बिजली की व्यवस्था का काम, सीवर नाले की सफाई का काम आदि। इन बाकी पेज 8 पर




# पुलिस का दावा, पत्नी और बेटे ने कराई ऑडिटर की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

जैतपुर थाने के मीठापुर में 43 साल के ऑडिटर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। ऑडिटर आनंद सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने बेटे के साथ मिलकर 1.5 लाख रुपए की सुपारी देकर आनंद की हत्या कराई थी। शराब पीकर घर आने और परिवार वालों से झगड़ा करने से तंग होकर पत्नी और बेटे ने उनकी हत्या कराई। पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीनों को गिरफ्तार कर हत्या में उपयोग होने वाले चाकू को भी बरामद करने का दावा किया है। आनंद की हत्या की सूचना पुलिस को शनिवार सुबह मिली थी। शुरू में यह लूटपाट के बाद हत्या का मामला प्रतीत हुआ था। लेकिन पत्नी और बेटे के विरोधाभासी बयान ने मामले का खुलासा कर दिया। एक आरोपी अभी भी फरार है।

दक्षिण–पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल के मुताबिक जैतपुर थाने के मीठापुर के ओम नगर में रहने वाले आनंद सिंह आइटीओ स्थित एजीसीआर बिल्डिंग में बतौर ऑडिटर कार्यरत थे। शनिवार को हत्या की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो खून से लथपथ आनंद की लाश मिली। शरीर पर चाकू से हमले के निशान मिले थे। हत्या के इस मामले का खुलासा करने के लिए कई टीमें बनाई गई थीं। एसीपी बदरपुर गुरसेवक सिंह ढिल्लन की देखरेख में गठित टीम ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। आनंद सिंह पत्नी और तीन बच्चों और छोटे भाई के साथ रहते थे। पत्नी सुनीता ने पुलिस को बताया कि आनंद सिंह दफ्तर से सात और साढ़े सात बजे के बीच घर आ जाते हैं। लेकिन वारदात के दिन वे 11:15 बजे घर आए। रात होने पर परिवार वालों ने जब उनके फोन पर संपर्क किया तो कोई जवाब नहीं आया। देर रात परिवार के लोग सो गए। तड़के तीन बजे जब सुनीता शौचालय के लिए उठी तो आनंद को खून से लथपथ घर में पड़ा देखा। उसने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया और फिर मामले की सूचना पुलिस को दी। सुनीता ने पुलिस को यह भी बताया कि घर में रखे 1.5 लाख रुपए भी गायब हैं।

> पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर हत्या में उपयोग हुए चाकू को भी बरामद करने का दावा किया है

पुलिस को जांच के दौरान पत्नी सुनीता और बेटे के बयान विरोधाभासी लगे। कड़ाई से पूछताछ पर सुनीता टूट गई। उसने हत्या की साजिश में खुद को शामिल बताया। उसने बताया कि उसका पति शराब का आदी था। शराब पीने के बाद पत्नी और बच्चे के साथ झगड़ते थे। इससे पूरा परिवार तंग आ गया था और बेटे के साथ मिलकर पत्नी ने उनकी हत्या की योजना बना डाली। योजना के मुताबिक सुपारी देकर हत्या करने के लिए पड़ोस में रहने वाले विकास से संपर्क किया गया। विकास उनके बेटे का साथी है। विकास को डेढ़ लाख रुपए देने का आश्वासन दिया गया। विकास ने अपने एक अन्य साथी ऋषभ उर्फ शिबू को साजिश में शामिल कर लिया। योजना के मुताबिक शुक्रवार (5 जून) की रात सुनीता और उसके बेटे ने विकास और ऋषभ को अपने घर में बुलाकर छत पर भेज दिया। रात करीब 11:30 बजे रोज की तरह शराब के नशे में आनंद घर आए। बिना खाना खाए वे सो गए। रात करीब 2:30 बजे जब परिवार के अन्य सदस्य सो गए तब सुनीता और उसके बेटे ने छत से ऋषभ और विकास को नीचे बुलाया। वे सभी आनंद के कमरे में गए और विकास और ऋषभ ने उनके ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

## डीयू में मंगलवार को 2732 विद्यार्थियों ने दाखिला रद्द कराया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शैक्षणिक सत्र 2019–20 की तीसरी कटऑफ के पहले दिन दाखिला रद्द कराने पर विद्यार्थियों का जोर अधिक रहा। मंगलवार को 2732 विद्यार्थियों ने पसंद के कॉलेज की कटऑफ में नंबर आने पर अपना दाखिला रद्द कराया। जबकि दूसरी कटऑफ में तीनों दिन मिलाकर कुल 3082 छात्रों ने अपना दाखिला रद्द कराया था। वहीं, तीसरी कटऑफ के पहले दिन 2359 छात्रों ने दाखिला लिया। मंगलवार रात करीब 8:30 बजे तक कुल मिलकार 46,213 छात्रों ने डीयू के विभिन्न कॉलेजों में दाखिला लिया। अब तक 1027 छात्रों ने अपना नामांकन वापस लिया है, जो दूसरी कटऑफ में 778 थे। तीसरी कटऑफ पर बुधवार और गुरुवार को भी दाखिले होंगे।

**30 कॉलेजों में बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की सीटें भरी**

इस बार बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की कटऑफ 99 फीसद जारी की गई थी। इसके बावजूद इस पाठ्यक्रम में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। डीयू से संबद्ध 45 कॉलेजों में बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है।

### मनोविज्ञान ऑनर्स में 97.75 फीसद पर दाखिला

## आंबेडकर विवि की कटऑफ 10.50 फीसद तक बढ़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मंगलवार को पहली कटऑफ जारी कर दी। पिछले साल के मुकाबले इस बार कटऑफ में 10.50 फीसद तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एयूडी ने दाखिलों में ईडब्लूएस कोटा भी लागू किया है और इस वर्ग के लिए अलग कटऑफ जारी की गई है। पहली कटऑफ के आधार पर 10 और 11 जुलाई को दाखिले होंगे।

विश्वविद्यालय ने दिल्ली के गैर आरक्षित आवेदकों के लिए बीए वैश्विक अध्ययन की कटऑफ 92.50 फीसद तय की है जो 2018 की कटऑफ के मुकाबले 10.50 फीसद ज्यादा है। पिछले साल बीए वैश्विक अध्ययन की कटऑफ 82 फीसद थी। बीए सतत शहरीकरण के लिए 85.50 फीसद जारी की है जबकि पिछले साल इस पाठ्यक्रम की कटऑफ सिर्फ 75.50 फीसद थी। इसी तरह बीए सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी की इस साल कटऑफ पिछले साल के मुकाबले 9.25 फीसद अधिक तय की गई है। इस साल बीए सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी 90.75 फीसद घोषित की गई है। बीए विधि एवं राजनीति की कटऑफ 91 फीसद जारी की गई है जो साल 2018 में 83 फीसद थी। विश्वविद्यालय ने कश्मीरी गेट परिसर के अंतर्गत दिल्ली के गैरआरक्षित आवेदकों के लिए बीए ऑनर्स इतिहास की कटऑफ 95.25 फीसद जारी की है जो पिछले साल की कटऑफ से 5.50 फीसद अधिक है। इस कटऑफ के अंतर्गत 60 आवेदक हैं। बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र की कटऑफ 95.75 फीसद तय की गई है और इस कटऑफ के अंतर्गत 51 आवेदक हैं। साल 2018 में बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र की कटऑफ 93.50 फीसद थी। बीए ऑनर्स अंग्रेजी की कटऑफ 96.25 फीसद तय की गई है जो पिछले साल के मुकाबले 3.75 फीसद अधिक है। बीए ऑनर्स गणित की पहली कटऑफ 92.50 जारी की गई है। साल 2018 में बीए ऑनर्स गणित की कटऑफ 88 फीसद थी। इसी तरह बीए ऑनर्स मनोविज्ञान की कटऑफ 97.75 फीसद, बीए ऑनर्स समाज विज्ञान की 96.25 फीसद और बीए ऑनर्स सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी की कटऑफ 95.75 फीसद तय की गई है।

## डीडीए ने ईडब्लूएस फ्लैटों की कीमत 40 फीसद तक कम करने को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 9 जुलाई (भाषा)।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नरेला में ईडब्लूएस फ्लैटों की कीमत 40 फीसद तक कम करने का मंगलवार को फैसला किया। इन फ्लैटों की पेशकश ऑनलाइन भवन योजना 2019 के तहत की जा रही है। यह योजना 10 जून को खत्म हो गई है। यह योजना वसंत कुंज और नरेला आवासीय क्षेत्रों में लगभग 18,000 नव–निर्मित फ्लैटों की बिक्री के लिए है। इसके लिए डीडीए को 50,000 आवेदन मिले हैं।

डीडीए ने एक बयान में कहा कि उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में राजभवन में प्राधिकरण की बैठक में डीडीए ने नरेला में ईडब्लूएस फ्लैटों की कीमत निर्माण लागत का 40 फीसद तक कम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह फ्लैट ऑनलाइन भवन योजना 2019 का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय ईडब्लूएस श्रेणी के आबंटियों की आय मानदंडों को ध्यान में रखते हुए किया गया है जो तीन लाख रुपए सालाना है।

## आइआइटी दिल्ली करेगा गेट–2020 का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

अगले साल होने वाले ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट (गेट) का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली करेगा। मंगलवार को आइआइटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव ने संस्थान के परिसर में गेट वेबसाइट का अनावरण किया। 2020 की गेट परीक्षा 25 विषयों में आयोजित की जाएगी। गेट के स्कोर के आधार पर मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय के अधीन आने वाले तकनीकी शिक्षण संस्थानों और अन्य सरकारी एजंसियों के शिक्षण संस्थानों में एमटेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले होते हैं।

आइआइटी दिल्ली के मुताबिक अन्य आइआइटी जैसे मुंबई, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आइआइएससी) बंगलुरु अपने–अपने जोन में आइआइटी दिल्ली का सहयेग परीक्षा के आयोजन में करेंगे। गेट 2020 में बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग में भी परीक्षा आयोजित होगी। यह बिल्कुल नया विषय है जिसकी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बीटेक, बीएससी, इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, आर्किटेक्चर में स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा को देने के लिए योग्य उम्मीदवार हैं। इंजीनियरिंग में एमटेक की डिग्री और दोहरी डिग्री का पाठ्यक्रम पढ़ने वाले विद्यार्थी भी यह परीक्षा दे सकेंगे।

**प्रमुख तिथियां**
- ऑनलाइन आवेदन शुरू : 3 सितंबर 2019
- ऑनलाइन आवेदन खत्म : 24 सितंबर 2019
- परीक्षा : 1, 2, 8 और 9 फरवरी, 2020 को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और दोपहर को 2.30 बजे से लेकर शाम 5.30 बजे तक
- नतीजों की घोषणा : 16 मार्च 2020

## विधायक की कार से बैग चोरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 जुलाई।

अपोलो अस्पताल आए हाथरस के विधायक हरि शंकर माहोर का बैग बदमाश उड़ा दिया। बैग में दो लाख 50 हजार रुपए, चेक बुक, रेलवे के कूपन, दस जोड़ी कपड़े, एटीएम कार्ड आदि बहुमूल्य सामान था। विधायक का चालक अस्पताल के बाहर कार लगाकर अकेले बैठा था तभी कार के पास एक युवक आया और बताया कि कार के नीचे दस और सौ रुपए गिरा हुआ है। चालक कार से उतर कर रुपए उठाने लगा तभी बदमाशों ने कार में रखा बैग उड़ा दिया। विधायक के निजी सचिव राकेश कुमार सिंह ने सरिता विहार थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक विधायक माहोर की पत्नी कुसुम लता माहोर अस्पताल में इलाज करा रही हैं। उन्हें देखने के लिए विधायक आए थे। गाड़ी अस्पताल की पार्किंग में खड़ी कर वे अंदर गए। फार्चूनर कार में दो अटैची रखी हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जनसत्ता



# अवांछित दखल

किसी देश की आंतरिक स्थिति के बारे में संयुक्त राष्ट्र की ओर से जब आधिकारिक रूप से कोई राय जाहिर की जाती है तो उससे निष्पक्ष और तथ्यों पर आधारित होने की अपेक्षा स्वाभाविक है। ज्यादातर मामलों में ऐसा होता भी है। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि किसी खास मसले पर एक तरह से निष्कर्ष देने के क्रम में कुछ जरूरी पहलुओं पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता। पिछले कई सालों से जम्मू-कश्मीर में जो हालात चल रहे हैं, उन्हें किसी एक बिंदु पर खड़े होकर देखने से तस्वीर का एक पहलू ही नजर आएगा और मुमकिन है कि उसकी वजहों पर नजर नहीं जा सके। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जारी ताजा रिपोर्ट में जो बातें कही गई हैं, उन्हें इसी कसौटी पर रख कर देखा जा सकता है। इसमें भारत-प्रशासित कश्मीर में मानवाधिकार के उल्लंघनों को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल डेढ़ सौ से ज्यादा आम शहरियों की मौत पिछले एक दशक के दौरान सबसे बड़ा आंकड़ा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भी संयुक्त राष्ट्र ने कश्मीर की स्थिति पर पेश अपनी रिपोर्ट में लगभग इसी तरह के आकलन पेश किए थे। निश्चित रूप से कहीं भी मानवाधिकारों के हनन को लेकर जताई जाने वाली चिंता पर विचार किया जाना चाहिए। लेकिन अगर उस चिंता में हालात की मूल वजहों की अनदेखी की जाती हो तो उस पर सवाल उठना लाजिमी है। यह बेवजह नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट पर भारत ने सख्त एतराज जताया है। रिपोर्ट को खारिज करते हुए भारत ने इसे मनगढ़ंत और दुर्भावना से प्रेरित बताया है। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र जब कश्मीर में आतंकवाद की वजह से उत्पन्न हालात को संभालने के लिए भारत की कोशिशों पर सवाल उठाता है तो क्या उससे यह अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए कि वह सीमा-पार की उन गतिविधियों पर भी गौर करे जिनमें लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता रहा है? यह अब कोई छिपा तथ्य नहीं है कि कई आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते रहे हैं और कश्मीर में लगातार आतंक का माहौल बनाए रखते हैं। तब एक संप्रभु देश के रूप में क्या भारत को उन आतंकियों से निपटने का अधिकार नहीं है? क्या भारत की ओर से आतंक का सामना करने को कठघरे में खड़ा कर संयुक्त राष्ट्र 'आतंकवाद को वैधता' प्रदान करने की कोशिश करना चाहता है?

संभव है कि आतंकियों का सामना करने के क्रम में कुछ नागरिक भी चपेट आ जाते हों। पैलेट गन से पीड़ित लोगों की तकलीफों पर खुद भारत में चिंता जताई जाती रही है। एक संप्रभु और लोकतांत्रिक देश के नाते भारत अपने स्तर पर भी गलत को गलत ही मानता है और कोशिश करता है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो। लेकिन एक देश के रूप में अपनी संप्रभुता को कायम रखने और आतंकवाद का सामना करने का अधिकार भी भारत के पास रहना चाहिए। बल्कि जिस आतंकवाद से दुनिया पीड़ित है, उसमें तमाम देशों से इसके खिलाफ लड़ाई में साथ खड़ा होने की उम्मीद की जाती है। दुनिया के किसी भी देश में अगर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है तो संयुक्त राष्ट्र की ओर से न केवल उस पर राय जाहिर करने, बल्कि जरूरत पड़ने पर उसमें दखल देने की भी अपेक्षा स्वाभाविक है। लेकिन इसके साथ यह अनिवार्यता भी जुड़ी होनी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र की राय या निष्कर्ष तथ्यों पर आधारित हो, वह किसी देश की आंतरिक स्थिति में बेजा दखल नहीं हो और उससे किसी देश की संप्रभुता का हनन नहीं होता हो।

# ईरान का संकट

यूरेनियम संवर्द्धन की सीमा बढ़ाने के ईरान के एलान के बाद अमेरिका की भौंहें और ज्यादा तन गई हैं। चार साल पहले ईरान और अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के बीच जो समझौता हुआ था, वह अब खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका ने पिछले साल ही अपने को इस समझौते से अलग कर लिया था। उसके बाद से ही इस पर आशंका के बादल मंडरा रहे हैं। हालांकि समझौता अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, न ही किसी ने इससे हटने का एलान किया है, लेकिन जिस तरह से इसे दरकिनार कर ईरान को घेरने की रणनीति पर काम हो रहा है और दूसरी ओर ईरान अपने यूरेनियम संवर्द्धन की मात्रा बढ़ा रहा है, उसका स्पष्ट संकेत तो यही है कि इस करार में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है और एक-दूसरे को खुली चुनौती दी जा रही है। ईरान पर शिकंजा कसने के लिए अमेरिका कोई मौका नहीं छोड़ रहा और उसने ईरान को निपटाने के लिए कई तरह से घेरने की रणनीति अपनाई है। आर्थिक प्रतिबंध भी इन्हीं का हिस्सा हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि लंबे समय से कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की मार झेल रहे ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है। हालांकि ईरान अब तक यही कहता आया था कि उसने समझौते का पूरा पालन किया है तो क्यों नहीं आर्थिक प्रतिबंधों में ढील मिलनी चाहिए। अमेरिका को छोड़ समझौते से बंधे बाकी यूरोपीय देशों को यह सुनिश्चित करना था कि ईरान पर से आर्थिक प्रतिबंध कम किए जाएं। लेकिन व्यवहार में ऐसा हुआ नहीं और इसी से नाराज ईरान ने भी यूरेनियम संवर्द्धन साढ़े चार फीसद तक बढ़ाने का एलान कर डाला। हालांकि अभी भी इस मात्रा से परमाणु हथियार बनाना कतई संभव नहीं है। ईरान का यह कठोर फैसला 2015 के समझौते- ज्वाइंट कांप्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (जेसीपीओए) के विपरीत है। इस समझौते के तहत ईरान को कुछ ऐसे कदम उठाने थे जो इस बात का प्रमाण होते कि वह परमाणु कार्यक्रम बंद कर चुका है और शांति पूर्ण कार्यों और जरूरतों के लिए ही यूरेनियम संवर्द्धन करेगा, न कि परमाणु हथियार बनाने के लिए। हकीकत तो यह है और दुनिया के ज्यादातर देश इस बात को समझ भी रहे हैं कि ईरान को ऐसे कदम उठाने के लिए उकसाया जा रहा है, ताकि उसे घेरा जा सके। पिछले महीने ही तेल टैंकरों पर हमले और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने का अरोप लगा कर अमेरिका ने ईरान पर हमले की तैयारी कर ली थी। लेकिन ऐन मौके पर उसने अपना फैसला बदल लिया था और युद्ध टल गया।

मौजूदा संकट को दूर करने की दिशा में फ्रांस आगे आया है। उसने ईरान के राष्ट्रपति से बात की है और अगले हफ्ते पश्चिमी देशों का एक प्रतिनिधिमंडल ईरान जाएगा। ईरान संकट का शांतिपूर्ण समाधान जरूरी है। ईरान और अमेरिका के बीच मौजूदा तनाव पूरी दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। ईरान के समर्थन और विरोध में खड़े देशों के बीच लकीर साफ है। रूस, चीन जैसे देश अमेरिकी कार्रवाई का खुल कर विरोध कर रहे हैं। जबकि यूरोपीय देशों में भी ज्यादातर अमेरिकी कार्रवाई से सहमत नहीं हैं। पिछले साल जब अमेरिका ने खुद को समझौते से अलग किया था, तब उसकी आलोचना भी हुई थी। मामला इतना बिगड़ता नहीं अगर सभी देश 2015 के समझौते का ईमानदारी से पालन करते। लेकिन अमेरिका का मकसद शायद कुछ और है! वह किसी न किसी बहाने ईरान पर हमला कर उसके तेल पर कब्जा करना चाहता है। उसकी हठधर्मिता इसी का संकेत है।

## कल्पमेधा

सब धोखों में पहला और सबसे खराब
है, अपने को धोखा देना।
-वेली

# दलित उत्पीड़न से उठते सवाल

स्वामी अग्निवेश

> दलित उत्पीड़न की आपराधिक-हिंसक घटनाएं संविधान और कानून का मखौल तो हैं ही, साथ ही ये बताती हैं कि हम आज भी जाति, वर्ण और लिंग के भेदभाव वाले समाज में रह रहे हैं। लेकिन गंभीरता से अध्ययन करने पर यह सामने आता है कि दलितों के साथ अपराध, हिंसा और अपमानजनक व्यवहार करने के पीछे मकसद कानून तोड़ना नहीं होता है। इसका कारण हमारे सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक ढांचे में निहित है।

आजादी के सात दशक बाद भी देश में दलितों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ है। समाचार पत्रों के माध्यम से आए दिन दलित उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं। दलितों के साथ घटित आपराधिक घटनाएं कुछ दिन मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद गायब हो जाती हैं। यही हाल गुजरात के बोताद में एक दलित उप सरपंच मांजीभाई सोलंकी की हत्या के बाद भी हुआ। मीडिया अब खामोश है और मांजीभाई के परिजन न्याय की आस में हैं, जो शायद ही उन्हें मिलेगा। यहां यह देखना दिलचस्प है कि मांजीभाई कोई आम नागरिक नहीं थे। पिछले बीस साल से उनके परिवार के लोग गांव के सरपंच चुने जा रहे हैं। अभी मांजीभाई की पत्नी सरपंच हैं और वे उप सरपंच थे। यह कहा जा सकता है कि गांव में उनकी अच्छी पकड़ थी। लेकिन उनके गांव के उच्च जाति के लोगों को दलित समुदाय के व्यक्ति का सरपंच चुना जाना अच्छा नहीं लग रहा था। पहले उनको धमकियां मिलती रहीं, फिर हमला कर जान से मार दिया गया।

गुजरात में यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले एक महीने में यह तीसरी घटना है जिसमें किसी दलित को अपनी जान गंवानी पड़ी। सिर्फ गुजरात नहीं, देश भर में दलितों का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। आज इक्कीसवीं सदी में भी दलितों की हत्या, बलात्कार और जातीय उत्पीड़न की घटनाओं में कमी नहीं देखी जा रही है। पिछले एक दशक की बात करें तो दलित समुदाय को बहुत ही विकट हालात का सामना करना पड़ा है। सरकारी आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले दस साल (2007-2017) में दलित उत्पीड़न के मामलों में छियासठ फीसद का इजाफा हुआ है। इस दौरान देश में रोजाना छह दलित महिलाओं से बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर पंद्रह मिनट में एक दलित के साथ कोई आपराधिक घटाना घट रही है।

देश में दलितों के साथ घट रही आपराधिक और हिंसक घटनाओं को सिर्फ कानून-व्यवस्था के पहलू से देखना सही नहीं होगा। दलित उत्पीड़न की आपराधिक-हिंसक घटनाएं संविधान और कानून का मखौल तो हैं ही, साथ ही ये बताती हैं कि हम आज भी जाति, वर्ण और लिंग के भेदभाव वाले समाज में रह रहे हैं। लेकिन गंभीरता से अध्ययन करने पर यह सामने आता है कि दलितों के साथ अपराध, हिंसा और अपमानजनक व्यवहार करने के पीछे मकसद कानून तोड़ना नहीं होता है। इसका कारण हमारे सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक ढांचे में निहित है। सदियों से हमारे समाज में सिर्फ दलित ही नहीं, बल्कि आदिवासी और महिलाओं की स्थिति भी दोयम दर्जे की रही है। शास्त्रों में भले ही महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया हो, लेकिन जीवन के वास्तविक धरातल पर महिलाओं का दर्जा दलितों और शूद्रों से ऊपर नहीं था।

आजादी के बाद दलितों, आदिवासियों और महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए कई नियम-कानून बने। लेकिन आज तक संपूर्ण रूप से वे धरातल पर लागू नहीं हो सके। सवर्ण और पुरुष वर्चस्व वाला हमारा समाज दलितों-महिलाओं को आज भी बराबरी का दर्जा नहीं देना चाहता। पुरुष और सवर्ण वर्चस्व वाला समाज आज भी दोनों को सेवक समझता है। ऐसे में जब भी वह किसी दलित और महिला को अपने से आगे बढ़ता हुआ देखता है तो उसे यह किसी अनहोनी से कम नहीं लगती है।

ऐसा भी नहीं है कि आजादी के बाद दलितों और महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। आजादी के बाद से ही दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। इसका फायदा भी उन्हें हुआ है। पहले दलितों के साथ होने वाले अपराध सामने नहीं आ पाते थे। लेकिन शिक्षा और जागरूकता के बढ़ने से दलितों के साथ होने वाले अपराध अब सामने आने लगे हैं। आधुनिक शिक्षा ने दलितों को रोजगारोन्मुख बनाया है। रोजगार और राजनीतिक चेतना से दलितों के जीवन में बदलाव भी आया। राजनीतिक बदलाव से भी दलितों में चेतना का संचार हुआ है। ऐसे में पहले की तरह उनका उत्पीड़न करना आसान नहीं रह गया है फिर भी सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उन पर होने वाले अपराध अभी बंद नहीं हुए हैं, बल्कि पिछले कुछ सालों में तो ज्यादा ही बढ़े हैं।



राजनीतिक चेतना से युक्त और सरकारी नौकरियों में बढ़ती भागीदारी से दलित समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुआ है और उसके जीवनस्तर में भी बदलाव आया है। आज गांव-देहात में सवर्ण-सामंतों के खेतों में काम करने के बजाय दलित शहरों में मजदूरी करना ज्यादा पसंद करता है। ऐसे में उच्च वर्ग के लोगों को यह बुरा लगता है कि पीढ़ी दर पीढ़ी आश्रित रहने वाला आज हमारे बराबर खड़ा होने की कोशिश कैसे कर रहा है। संविधान में सबको बराबरी का अधिकार मिला है। कानून की नजरों में सब एक समान हैं, सवर्ण इस विचार से आज भी सहमत नहीं होता है। अब चूंकि दलित और महिला हमेशा सवर्णों और पुरुषों के सामने कमतर माने जाते रहे हैं, ऐसे में वह दलितों को बराबरी करते देख बौखला जाते हैं। बिना किसी वाजिब कारण के वे आज भी अपनी जायज-नाजायज मांगों को दलितों से पूरा कराना चाहते हैं। लेकिन समय के साथ आए बदलावों ने दलितों के भीतर नई चेतना का संचार किया है। अब दलित चुपचाप उत्पीड़न को सहने और गांव-घर में ही निपटाने की बजाय थाने और अदालत का रुख करता है। दलितों के इस व्यवहार से सवर्ण-सामंती ताकतें और चिढ़ती हैं और दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ते जाते हैं। ऐसे में देश के तमाम हिस्सों में रोज दलितों के साथ हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं।

पिछले पांच वर्षों का आंकड़ा देखें तो दलितों और आदिवासियों पर हमले बढ़े हैं। लेकिन कुछ दिनों पहले देश में दलित उत्पीड़न नहीं, बल्कि दलितों के हित में बने कानूनों के दुरुपयोग की चर्चा जोरों पर रही। देश भर में एक भ्रम रचा गया कि अब दलित कानून की आड़ में सवर्णों को बेवजह फंसाया जा रहा है। हाल में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया था, जिसमें एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग को रेखांकित करते हुए बदलाव किए गए थे। सर्वोच्च अदालत ने कुछ अहम दिशानिर्देशों तय किए थे जिससे दलित समुदाय के किसी व्यक्ति के साथ घटित आपराधिक घटना की जांच के बाद ही मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की बात थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देशव्यापी विरोध हुआ और केंद्र सरकार ने कदम पीछे खींच लिए। अदालत के फैसले के मद्देनजर केंद्र सरकार ने एक संशोधन विधेयक लाकर एससी-एक्ट को पूर्व की स्थिति में ला दिया।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब देश में किसी दलित के साथ हुई आपराधिक घटना की शिकायत के बाद तुरंत एफआईआर और गिरफ्तारी का नियम है तो दलितों के साथ इतनी आपराधिक घटनाएं कैसे घट रही हैं। असली सवाल यही है। आश्चर्यजनक रूप से सत्य तो यह है कि दलितों के साथ हिंसा आदि के मामले में एफआइआर दर्ज होने का प्रतिशत बहुत ही कम है। यदि मामला दर्ज भी हो गया तो दबाव और कोर्ट-कचहरी में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से दोषी को सजा मिलने का आंकड़ा बहुत ही कम है। ऐसे में दलित-आदिवासियों के हित में कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उसके सही क्रियान्वयन न हो पाने के कारण दलितों-आदिवासियों और महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में कमी नहीं आ रही है।

# अंकों का मायाजाल

बृजमोहन आचार्य

**दुनिया मेरे आगे**

पिछले कुछ सालों के दौरान राज्यों के शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के सालाना परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस बात पर होती है कि सबसे ज्यादा नंबर कितने आए, किसके आए। कहीं खुशी तो कहीं गम देखने को मिलता है। हालांकि आज के इस दौर में सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा उच्च अंक लाए ताकि आगामी कक्षाओं में प्रवेश के लिए दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए अभिभावक उन्हें शुरू से ही शिक्षा की दुकानों में यानी ऊंची फीस लूटने वाले कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिला कर निश्चिंत हो जाते हैं कि जब उनके बच्चे का परिणाम आएगा और उच्च अंक लाएगा तो समाज और परिवार में उनका नाम होगा। इसके बाद वे इस बात से बेफ्रिक हो जाते हैं कि कोचिंग संस्थान और वहां का वातावरण कैसा है और पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता क्या है। बस उच्च अंकों को लेकर यह बताने में कोई कमी नहीं रखी जाती है कि बच्चों ने कितने फीसद अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जिन बच्चों के अच्छे अंक आए, उनके अभिभावकों ने उन्हें शाबासी भी दी और समाज या परिवार में बच्चे के अंकों को लेकर चर्चा भी की। लेकिन जो बच्चे मेहनत करने के बाद भी उच्च अंक हासिल नहीं कर सके, उनके अभिभावकों ने कोचिंग संस्थाओं को कम और अपने बच्चे को ज्यादा कोसना शुरू कर दिया। जबकि बच्चों की सीमा के साथ-साथ उन्हें पढ़ाने वालों की कमजोरी भी इसकी वजह हो सकती है। इसलिए अंक कम आने पर बच्चे को डांटना और किसी के सामने बुरा-भला कहना बेमानी है।

देश की राजधानी दिल्ली में एक बच्चे को दसवीं की परीक्षा में साठ फीसद अंक मिले थे। ये अंक आज के इस युग में कम माने जाते हैं, क्योंकि हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होने के कारण पनचानबे प्रतिशत अंक ही सही माने जाते हैं। लेकिन उस बच्चे की मां ने इन अंकों को भी अच्छा माना। उन्होंने अपने बच्चे का हौसला बढ़ाते हुए लिखा कि 'मुझे साठ प्रतिशत अंक आने पर भी अपने बच्चे पर गर्व है, क्योंकि बच्चे ने अपनी मेहनत और संघर्ष में कोई कमी नहीं रखी; मैंने उसके संघर्ष को भी करीब से देखा है।'

लेकिन आज के इस दौर में उच्च अंक हासिल करने के लिए माता-पिता न जाने बच्चे पर कितना बोझ डाल देते हैं और उसे अलग-अलग विषयों के ट्यूशन के लिए घर से बाहर रखते हैं। ऐसे में वह इतना थक जाता है कि अपने स्तर पर पढ़ाई के लिए उसके पास समय ही नहीं बच पाता है। साथ ही उसे प्रश्न-पत्रों के अलावा परीक्षा का व्यावहारिक ज्ञान भी नहीं हो पाता है। उसका बचपन ट्यूशन, कोचिंग संस्थानों की पाठ्यक्रम पूरा कराने के नाम पर लूट और घर से बाहर रहने के चक्कर में ही गुम हो जाता है। इसके बाद भी अगर अच्छे अंक बच्चे के नहीं आते हैं तो कई बार कुछ बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं। ये सभी कारण माता-पिता को नजर नहीं आते हैं।

सही है कि सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनका चांद आसमान में चमके और उसकी रोशनी से फिजां रोशन हो, लेकिन इस चांद को बादलों के भार से इतना भी नहीं ढक देना चाहिए, जिससे उसकी चांदनी ही छिप जाए। साठ प्रतिशत अंक हासिल करने वाले बच्चे की मां ने अपने बच्चे के संघर्ष को देखा था। उसने समाज में यह संदेश दिया कि कोई भी बच्चा उच्च अंक लाने के लिए संघर्ष में कमी नहीं रखता है। आज हर माता-पिता को उस मां के संदेश को अंगीकार कर अपने बच्चे की मेहनत और संघर्ष को करीब से देखना होगा। तभी वह बच्चा बिना तनाव के पढ़ाई कर सकेगा। अन्यथा वह अंकों के मायाजाल में उलझ कर अपना सब कुछ लुटा देगा, उसका बचपन समाप्त हो जाएगा और किताब और ट्यूशन की दुनिया में उलझ कर बाहरी दुनिया से उसका मोहभंग हो जाएगा।

यह खबर ज्यादातर लोगों को याद होगी कि एक युवती पर पढ़ाई का बहुत बोझ डाला गया और उसकी रुचि के अनुसार विषय नहीं दिलाए गए थे तो उस युवती ने अपनी जिंदगी को ही समाप्त कर लिया था। उसने अपने अभिभावकों के नाम यह संदेश भी लिख दिया था कि उसकी छोटी बहन पर पढ़ाई का इतना दबाव नहीं डालें कि उसका बचपन कहीं गुम हो जाए। इसलिए अभिभावकों को भी यह सोचना होगा कि बच्चे पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव नहीं डाला जाए। बच्चा बोझ से इतना न दब जाए कि आगे बढ़ भी नहीं सके। लेकिन भागमभाग की जिंदगी में अभिभावकों के पास समय का अभाव है और वे बच्चे को स्कूल से कोचिंग और कोचिंग से ट्यूशन के लिए भेजते रहते हैं, जिससे बच्चा अपने परिवार के साथ तो बैठ कर कुछ सीख ही नहीं पाता है। उसके सिर पर पढ़ाई का बोझ डाल कर उच्च अंक लाने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। इसी दबाव के नतीजे में कुछ बच्चे ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसका दुख माता-पिता को जीवन भर उठाना पड़ता है।

## हादसों का सबक

यमुना एक्सप्रेस-वे एक बार फिर सुर्खियों में है। सुर्खियों की वजह कोई नई नहीं है। इस एक्सप्रेस-वे पर जानलेवा हादसे आम बात हो गए हैं। यातायात पुलिस निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे पर इस साल जनवरी से जून 2019 तक 95 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 94 लोगों की मौत हुई और 120 लोग घायल हुए। इसी साल अप्रैल में सूचनाधिकार कानून के तहत मिली जानकारी से इस बात का खुलासा हुआ कि यमुना एक्सप्रेस-वे पर अगस्त, 2012 से 31 मार्च, 2018 के बीच कुल 4,956 दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 718 लोगों की मौत हुई और 7,671 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

यह जानकारी हासिल करने वाले सूचनाधिकार कार्यकर्ता व सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता केसी जैन का कहना है कि उन्होंने तेज ड्राइविंग के खतरों पर लगाम लगाने के लिए सरकारी एजेंसियों को लिखा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनके मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे की गतिविधियों पर एक स्वतंत्र एजेंसी को निगरानी रखनी चाहिए और गति उल्लंघन के बारे में जेपी इंफोटेक से प्राप्त जानकारी भी साझा की जानी चाहिए। इस मार्ग पर ड्राइवर न केवल गति सीमा का उल्लंघन करते हैं, बल्कि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के गाड़ियां चलाते हैं। स्वचालित निगरानी गैजेट और नंबर प्लेट रीडर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त 2012 से मार्च 2018 के बीच 2.33 करोड़ वाहनों ने गति सीमा का उल्लंघन किया लेकिन उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया जाता है और वे आराम से बच निकलते हैं।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 23.42 प्रतिशत दुर्घटनाएं तेज गति और 12 प्रतिशत टायर फटने के कारण हुईं। इसके अलावा ओवर टेकिंग (15 फीसद), नींद का आना (दस फीसद) और बीच रास्ते में खड़े वाहन (5 फीसद) हादसे की प्रमुख वजह हैं। एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसों को लेकर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने भी एक रिपोर्ट तैयार की थी और कुछ उपाय सुझाए थे लेकिन उन्हें आज तक अमल में नहीं लाया जा सका है। इनमें सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, रास्ते में जगह-जगह छोटे स्पीड ब्रेकर लगाने की भी बात कही गई थी, जिससे वाहन चलाने वाला चौकन्ना रहे और गति ज्यादा न रख सकें।

इसके साथ ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की तरह टायरों के निर्माण में रबड़ के साथ सिलिकॉन डाला जाना चाहिए। इससे अधिक गति पर टायर का तापमान बढ़ने से उसके फटने की शिकायतें कम हो सकती है। साथ ही टायरों में नाइट्रोजन भरनी चाहिए जिससे टायर ठंडा रहता है। इन दोनों बातों को यथाशीघ्र अनिवार्य बनाने पर विचार किया जाना चाहिए।

● *प्रियंबदा, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश*

## देशप्रेम

'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' का नारा लगाना ही देशप्रेम नहीं है। अगर आप किसी गलत कार्य का विरोध करते हैं तो यह भी देशप्रेम है। बच्चे, महिलाएं और बूढ़े, जो फुटपाथ पर सोते हैं, उनके बारे में सोचते हैं तो यह भी देशप्रेम है। ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते हैं तो यह भी देशप्रेम है। हम देश हैं, आप देश हैं। जब हम अच्छे होंगे तो हमारा देश भी अच्छा होगा। आज हमारे देश में बलात्कार, भीड़ द्वारा हत्या, लूट, ठगी आदि अपराधों की खबरों से अखबारों की सुर्खियां भरी रहती हैं। इन अपराधों के विरोध में आवाज उठाना भी देशप्रेम है।

● *सैयद अहमद रजा, लखनऊ*

## उपभोक्ता संरक्षण

उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 को लोकसभा में पेश कर दिया गया है। सोलहवीं लोकसभा में भी इसे पेश किया गया था मगर चुनाव आ जाने के कारण यह स्वतः रद्द हो गया था। उम्मीद है कि इस बार इसे दोनों सदनों की मंजूरी मिल जाएगी। वैसे उपभोक्ता संरक्षण कानून 1986 का प्रावधान लागू है। फिर भी, समय में बदलाव के साथ इसमें संशोधनों की सख्त आवश्यकता थी। खासकर तब जब अब लोगों का खरीद-फरोख्त करने का तरीका बदल गया है।

इंटरनेट आ जाने से लोग अब ऑनलाइन खरीदारी करने लगे हैं। इसमें बहुत सारे लोग ठगी का शिकार भी बन रहे हैं। लिहाजा, इस विधेयक में इस पर विशेष तवज्जो दी गई है। साथ ही, सबसे बड़ा बदलाव इसमें यह है कि प्रसिद्ध कलाकार या खिलाड़ी जिन वस्तुओं के विज्ञापन करते हैं, उन चीजों को लोग आंख बंद करके खरीदते हैं। इस बार उन कलाकारों या खिलाड़ियों को भी दंडित करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी भ्रामक विज्ञापनों के जरिए आम लोगों को ठगा जा रहा है। आशा है, इस विधेयक के प्रभावी होते ही इन सब पर लगाम लग पाएगी।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

## सेल्फी का जुनून

जर्नल ऑफ फेमिली मेडिसिन एंड प्राइमरी केयर ने हाल ही में एक रिपोर्ट में खुलासा किया कि अक्तूबर 2011 से नवंबर 2017 के बीच दुनिया भर में सेल्फी लेते समय 259 लोग अपनी जान गंवा बैठे। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सेल्फी लेने में सबसे आगे महिलाएं रहती हैं। हमारे देश में सेल्फी लेते हुए सबसे ज्यादा लोगों की मौतें हुईं, जो विश्व में हुई कुल मौतों के आधे से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सेल्फी शार्क से भी खतरनाक बन गई है। आज हमारे देश में जिस तरह सेल्फी के चक्कर में जान गंवाने वालों की तादाद बढ़ रही है, वह बहुत चिंताजनक है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए दूसरों से उम्मीद रखना उचित नहीं है। सेल्फी का जुनून इतना भी अपने सिर क्या चढ़ाना कि जान की भी परवाह न की जाए!

सेल्फी जान पर भारी न पड़े इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह खतरनाक या जोखिम वाली जगहों पर सेल्फी लेने पर भारी जुर्माने का प्रावधान करे। समाज को चाहिए कि वह ऐसी सेल्फियों को नजरअंदाज करे जो जान पर खेल कर ली गई हों। साथ ही इसकी शिकायत पुलिस को करें ताकि सेल्फी के चक्कर में किसी के घर का चिराग न बुझे।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com



## कांवड़ मेला

उत्तराखंड के हरिद्वार में लगने वाला कांवड़ मेला गंगा जल की एक अनोखी यात्रा है। इस बार सुरक्षा तो चाकचौबंद रहेगी ही, साथ में श्रद्धालु शिवभक्त कांवड़ियों पर राज्य सरकार हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी करेगी। कांवड़ मेला क्षेत्र में 16 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इनमें 48 चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही 20 फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वॉय भी इन चिकित्सक शिविरों में तैनात रहेंगे।

# फैलता शहर, डूबती सड़कें

**मांडवी मिश्रा**
चंडीगढ़।

चंडीगढ़ शहर का नाम सुनते ही एक नियोजित शहर का दृश्य आंखों के सामने आता है जहां अच्छी सड़कें, खूब हरियाली और मनमोहक मौसम होगा। पर इस शहर की एक त्रासदी यह है कि बारिश होते ही सड़कों पर जलभराव हो जाता है। शहर की एक और समस्या है पीने का पानी। जगह-जगह पर जल टैंकर खड़े दिखेंगे। पर ऐसा क्यों है?

ली कारबूजिए ने पांच लाख की आबादी के लिए जिस चंडीगढ़ का नक्शा बनाया गया था, वहां आज 10 लाख से भी अधिक लोग रह रहे हैं। जैसे-जैसे इस जनसंख्या को स्थान देने के लिए शहर और कंक्रीट में तब्दील हुआ, वैसे-वैसे भूजल स्तर कम होता चला गया और मानसून आते ही सड़कों पर पानी भरना एक आम बात हो गई।

चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त केके यादव ने तो लोगों से बारिश में भरी सड़कों पर कम निकलने की अपील करते हुए यह तक कह दिया कि बारिश लोगों का कार्य समय देखकर नहीं आती है। उन्होंने जलमग्न सड़कों से बचते हुए, ट्रैफिक का रुख बदलने का भी सुझाव दिया जिससे असुविधा न हो। उनका यह भी कहना है कि वह और उनकी बाढ़ नियंत्रण टीम कार्यरत है और जहां कहीं भी पाइप लाइनों में रुकावट की दिक्कत है, उन पर काम किया जा रहा है।

इसके विपरीत आम लोगों सड़कों पर भरे पानी से बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई सालों से चंडीगढ़ में कैब चला रहे भूपेंदर सिंह का कहना है कि उनके लिए यात्रियों को ले जाने में बड़ी परेशानी होती है। जाम लगने के कारण पहुंचने में देर हो जाती है।



चंडीगढ़ में छह जुलाई को हुई बारिश के दौरान खराब हो गई कार को धक्का देती एक महिला

जल निकास व्यवस्था में पाइप लाइनों की न सही पर चंडीगढ़ के तीन मुख्य चो (छोटा नाला)- सुखना चो, एन चो, व पटियाला की राओ चो को तो साफ रखने के लिए कदम उठाते हुए, उनका विस्तार कर उनकी क्षमता बढ़ाई जा सकती है। इसी विषय पर रोड डिवीजन 1 के कार्यकारी अभियंता अजय के गर्ग का कहना है कि जो एन-चो समेत अन्य चो हैं वे बाढ़ग्रस्त हो जाते हैं जिससे पानी निकल नहीं पाता। जब तक एन चो अपने मौलिक आकार में वापस नहीं आएगा, भराव बढ़ेगा क्योंकि साल दर साल विभिन्न कारणों से उसका जलग्रहण क्षेत्र कम हो रहा है। बढ़ती आबादी के साथ संबंधित प्राधिकरण को चो की सफाई और क्षेत्रफल बढ़ाने की आवश्यकता है।

पूर्व मेयर रह चुके अरुण सूध ने पाइप लाइनों को साफ करने के लिए सुपरसक्शन मशीनों को उपयोग में लाने का सुझाव दिया। हालांकि इस बात का दावा जरूर किया जा रहा है कि पाइप लाइनों में रुकावटों का निरीक्षण किया जा चुका है और अधिकतर को साफ किया जा चुका है।

सेक्टर 17 बाजार में बारिश में फंसी अनुपमा कहती हैं कि सड़क पर पानी भरने से घर के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

चंडीगढ़ में गहरे जलदायी स्तर से पानी की खपत उसके पुनर्भरण से कहीं ज्यादा है। नगर निगम चंडीगढ़ की वेबसाइट के अनुसार शहर में पानी की अधिकतम मांग लगभग 950 लाख गैलन प्रतिदिन है जबकि मात्र 640 लाख गैलन प्रतिदिन ही उपलब्ध है। चौथे चरण के का काम के पूरा हो जाने पर भी 785 लाख गैलन प्रतिदिन ही मुहैया कराया जा सकेगा।

नगर निगम के मेयर राजेश कुमार कालिया ने बताया कि शहर के बुनियादी नक्शे में पाइप की क्षमता कम होने के कारण वह भारी बारिश के पानी को अंदर ले नहीं सकती। हम कई शहरों में बाढ़ की स्थिति देखते हैं, उनकी तुलना में चंडीगढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने माना की जब चंडीगढ़ बना था तबसे ये पाइप नहीं बदले गए हैं। यहां आबादी भी कई गुना बढ़ गई है और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे का वे स्वयं संज्ञान लेंगे।

### शहर का मास्टर प्लान

चंडीगढ़ सरकार की वेबसाइट पर 2015 में साझा किए गए 'चंडीगढ़ मास्टर प्लान-2031' में पानी के भराव के निम्नलिखित कारण दिए गए हैं-

- 910 मिमी वार्षिक बरसात वाले शहर की जलनिकास व्यवस्था की बनावट मात्र 12 मिमी प्रति घंटा अधिक वर्षा की क्षमता रखती है।
- शहरीकरण के कारण, एन-चो सिमटती जा रही है।
- प्रदूषण से खुले नालों व चो में कचरा व मलबा डालना
- अव्यवस्थित रूप से सर्विस लाइनों व सड़कों का निर्माण
- आवासीय परियोजनाओं के लिए जलधाराओं के प्राकृतिक मार्ग में परिवर्तन।

यह बात विचार करने योग्य है कि चार वर्षों में क्या इन मुद्दों पर कार्य हुआ है?



# मंद पड़े ऑटो बाजार में उतरी इलेक्ट्रिक कार

**आशीष दुबे**
ग्रेटर नोएडा

मंद पड़े भारतीय ऑटो बाजार में अब इलेक्ट्रिक कारें नई उड़ान भरने को तैयार हैं और इसी कड़ी में देश की पहली पूर्ण इलेक्ट्रिक कार से पर्दा उठ चुका है। कार बनाने वाली ह्यूंडई कंपनी ने मंगलवार को एसयूवी-कोना इलेक्ट्रिक को लांच किया। यमुना एक्सप्रेस-वे स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के सभागार में कोना इलेक्ट्रिक के दीदार के लिए ऑटोमोबाइल जानकार समेत कंपनी के डीलर बेताब रहे। पूरी तरह चार्ज होने पर 452 किलोमीटर तक चलने वाली कोना इलेक्ट्रिक की कीमत 25 लाख 30 हजार रुपए रखी गई है, जो एक्स शोरूम कीमत बताई जा रही है। पर्यावरण के अनुकूल कोना इलेक्ट्रिक का नाम विशाल हवाई द्वीप के पश्चिम तटीय क्षेत्र के नाम पर रखा गया है।

कोना क्षेत्र खिलाड़ियों और रोमांच की चाहत रकने वाले पर्यटकों के लिए बेहद लोकप्रिय है। यहीं छवि इस पर्यावरणीय अनुकूल इलेक्ट्रिक एसयूवी को अलग पहचान देती है। उन्नत लिथियम आयन बैटरी युक्त एसयूवी 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार महज 9.7 सेकेंड में हासिल कर लेती है। कार को पूरी तरह चार्ज होने में 6 घंटे 10 मिनट का समय लगता है, जबकि इसे डीसी चार्ज से 80 फीसद केवल 57 मिनट में किया जा सकता है। कंपनी की योजना इस कार को सभी राज्यों में बेचने की है।

ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी व सीईओ ने कहा स्वच्छ एवं एक दूसरे से जुड़ा भारत एक नए युग में कदम रख रहा है। हम सरकार के शेयर्ड, कनेक्टेड और स्वच्छ यातायात माध्यम के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उनका कहना है कि कोना इलेक्ट्रिक को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है और यह भारतीय बाजार के लिए सबसे अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहन साबित होगी, जो इलेक्ट्रिक पावर ट्रेन की उन्नत तकनीक के साथ एसयूवी मॉडल की मजबूती दिखाती है। कंपनी ने कुछ चुनिंदा शहर दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु और चेन्नई में ग्राहकों को आपातकालीन चार्जिंग मदद के लिए विशेष व्यवस्था की है। गाड़ी में सवार यात्रियों को जानकारी देने और मनोरंजन के लिए कोना इलेक्ट्रिक में यूजर फ्रेंडली फंक्शंस के साथ बेहतरीन व उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। जिनमें एंड्रॉयड ऑटो और एपल कारप्ले कनेक्टिविटी शामिल है।






### चार्ज करने के हैं दो विकल्प

कार के साथ दो चार्जर हैं, एक पोर्टेबल चार्जर और एक एसी वाल बॉक्स चार्जर। पोर्टेबल चार्जर को किसी भी सामान्य तीन पिन 15 एंपियर सॉकेट में लगाकर चार्ज किया जा सकता है। इस चार्जर की मदद से गाड़ी को तीन घंटे से कम समय में 50 किलोमीटर तक के सफर के लिए चार्ज किया जा सकता है। वहीं, एससी वाल बॉक्स चार्जर (7.2 किलोवाट) की मदद से गाड़ी को एक घंटे में 50 किलोमीटर तक के सफर के लिए चार्ज किया जा सकता है।

### ग्राहकों के घर पर लगेंगे सॉकेट

डीलर ग्राहकों के घर सॉकेट लगाने में मदद करेंगे। साथ ही उन्हें चार्जिंग का प्रयोग (डेमो) भी दिखाएंगे, जिसके लिए कंपनी ने इंस्टालेशन के लिए एक अन्य कंपनी से करार किया है। जो इंस्टालेशन के लिए सर्वे एवं परामर्श देगी। सर्वे में घर के प्रकार और बिजली कनेक्शन के प्रकार, जरूरत पड़ने पर बिजली वितरण व्यवस्था में बदलाव समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं, चार्जिंग की सुविधा के लिए हयूंडई ने मैप माय इंडिया से हाथ मिलाया है। जिसमें ग्राहकों को कोना इलेक्ट्रिक के लिए उपयुक्त चार्जिंग स्टेशन की जानकारी वेबसाइट व मोबाइल एप पर मिल सकेगी। खरीदारों को आकर्षित करने के लिए हाई वोल्टेज बैट्री पर आठ साल और 1.60 लाख किलोमीटर की वारंटी देने की घोषणा की है।

उत्तर प्रदेश

# अंक नहीं आत्मविश्वास रखता है मायने

**गजेंद्र सिंह**
नई दिल्ली।

दिल्ली

पालतू जानवरों की सेहत और उनकी जीवनशैली भी कॅरिअर का हिस्सा हो सकता है। आज का समय उन युवाओं का है जो बने-बनाए ढर्रे से निकल दुनिया को अपने नजरिए से देखते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं। ऐसी ही उत्साही उद्यमी हैं गरिमा कौशल।

पढ़ाई के दौरान नंबरों से ज्यादा कक्षा में सिखाई गई बातों की अहमियत बताने वालीं गरिमा कौशल आइआइएम अमदाबाद से पढ़ाई के बाद अब अपना काम कर रही हैं। सीबीएसई बारहवीं में 2010 में 96 फीसद अंकों के साथ टॉपर रहीं गरिमा ने पालतू जानवरों की सेहत और उनकी जीवनशैली की देखभाल के संबंध में एक ऐप जारी किया है। गरिमा कहती हैं कि उनके लिए परीक्षा में आए नंबर कॅरिअर को एक राह दिखाती भी हैं और नहीं भी। वे कहती हैं कि यह अंकपत्र आगे के जीवन में सफलता को तय नहीं करता है।

चंडीगढ़ के कैरमल कॉन्वेंट स्कूल से पढ़ीं गरिमा ने अर्थशास्त्र में स्नातक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स दिल्ली से और एमबीए आइआइएम अमदाबाद से किया है। वे बताती हैं कि मेरे लिए अंक का महत्त्व श्रीराम कॉलेज और आइआइएम में दाखिला पाने तक ही सीमित रहा।

जब उन्होंने अपना काम शुरू किया तो वही अंक उनके लिए दूसरे पायदान पर चले गए। लेकिन इस बीच सबसे ज्यादा जो महत्त्व रखता है वह यह है कि आपने अपनी कक्षा में क्या सीखा। गरिमा बताती हैं कि वे हमेशा टॉपर नहीं रहीं। श्रीराम कॉलेज और आइआइएम में पढ़ाई के दौरान वह शीर्ष चौथे स्थान पर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि हालांकि उच्च शिक्षा के दौरान मैंने कभी परीक्षा और अंकों की चिंता नहीं की, मेरा ध्यान सिर्फ पढ़ाई के बाद मुझे क्या करना है इस पर रहता था। गरिमा कहती हैं कि उनके हर फैसले में उनके माता-पिता ने उनका साथ दिया और वे जो आज कुछ भी हैं उसमें उनका अहम योगदान है।


गरिमा कौशल

गरिमा कौशल बताती हैं कि वे हमेशा से ही पढ़ाई के बाद व्यापार, मार्केटिंग और उद्यम को लेकर उत्साहित थीं। उन्होंने दो साल तक एक पेय पदार्थ कंपनी बडवाईजर में ब्रांड प्रबंधक के तौर पर काम किया। वह पढ़ाई करने वाले छात्रों से कहतीं हैं कि आप हमेशा सुनेंगे कि अच्छे अंक पाने से ही सबकुछ अच्छा होता है लेकिन यह पूरा सच नहीं है। आपको अपने आपको दोबारा से बनाना होगा और नई चीजें सीखनी होंगी।

वे कहती हैं कि शीर्ष बनने के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। अपने स्कूली जीवन के समय आपको नियमित पढ़ाई की जरूरत है। लेकिन इसके साथ ही खेल और अन्य क्रियाकलाप भी आपके जीवन का हिस्सा होना चाहिए। गरिमा कौशल की अंतिम नौकरी बडवाईजर के साथ थी जिसमें उनका बहुत ही शानदार अनुभव रहा। वे बताती हैं कि अब आगे उन्हें पालतू पशुओं की देखभाल के लिए अपना स्टार्ट-अप शुरू करना है।

युवाओं को गरिमा कहना चाहती हैं कि अपने आप को जितना समझ सकते हैं उतना समझें, जीवन में सफल होने के लिए खुद का जागरूक होना बहुत जरूरी है।

# तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़ियों के पहुंचने की उम्मीद

**सुनील दत्त पांडे**
देहरादून।

इस बार 17 जुलाई गुरु पूर्णिमा से शुरू होने वाले 15 दिवसीय कांवड़ मेले की तैयारियों के लिए उत्तराखंड प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तराखंड के चार धाम गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ का यात्रामार्ग परिवर्तित रहेगा। केदारनाथ और बदरीनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों को मुजफ्फरनगर से बिजनौर, कोटद्वार, पौड़ी, श्रीनगर होकर जाना पड़ेगा। जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले श्रद्धालुओं को सहारनपुर से विकासनगर होते हुए इन दो धामों में पहुंचना होगा।

कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, उत्तराखंड के मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी, आयुक्त गढ़वाल मंडल दिलीप जावलकर, पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल से लेकर हरिद्वार के जिलाधिकारी दीपेंद्र चौधरी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूड़ी बैठकों के कई दौर कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। इस बार प्रशासन को उम्मीद है कि तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़िए हरिद्वार पहुंचेंगे।

सुरक्षा के साथ श्रद्धालु शिवभक्त कांवड़ियों पर राज्य सरकार कांवड़ मेले को यादगार बनाने के लिए हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी करेगी। कांवड़ मेला क्षेत्र में 16 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इनमें 48 चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही 20 फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वॉय भी इन चिकित्सक शिविरों में तैनात रहेंगे।

### पांच तरह की होती है कांवड़

कांवड़ मेला गंगा जल की एक अनोखी यात्रा है। कांवड़िए सैकड़ों मील का सफर तय कर जिस कांवड में गंगा जल भरकर अपने गंतव्य तक ले जाते हैं, वह कांवड पांच तरह की होती है। पहली खड़ी कांवड़, दूसरी झूला कांवड़, तीसरी बैठी कांवड़, चौथी बैकुंठ कांवड़ व पांचवीं डाक कांवड़।

खड़ी कांवड़ को कांवड़िए साथी कांवड़ियों के कंधे पर रखते हैं और उनका साथी कांवड़ को लेकर तब तक खड़ा रहता है, जब तक वह अपने साथी कांवड़िए को यह कांवड़ नहीं सौंप देता। झूला कांवड़ को कांवड़ियां पेड़ या अन्य किसी जगह लटका सकता है। बैठी कांवड़ को कांवड़ियां जमीन पर भी रख सकता है। बैकुंठ कांवड़ को कांवड़िया कभी भी रख सकता है। डाक कांवड़ वाहनों के जरिए निर्धारित समय में अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच जानी चाहिए।

### खजाना

कांवड़िए कांवड़ में जिस पात्र में जल भरकर ले जाते हैं उसे वे 'खजाना' कहते हैं। क्योंकि यह गंगाजल उनके लिए किसी खजाने से कम नहीं होता है। इस गंगाजल से वे अपने गांवों के शिवालयों में शिव का जलाभिषेक करते हैं।

उत्तराखंड





कांवड़ियों और स्थानीय निवासियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए इस बार कांवड़ मेला क्षेत्र में विशेष सुविधाएं दी गई हैं। कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। कांवड़ियों को प्लास्टिक की बोतलों की जगह गंगाजल ले जाने के लिए स्टील, पीतल और तांबे के पात्र खरीदने होंगे।

*-सतपाल महाराज, उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री*



इस बार तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़ियों के आने की संभावना हैं। 15-20 सालों से हर साल कांवड़ियों की तादाद बढ़ रही है। 2011 में कांवड़ियों की तादाद डेढ़ करोड़ थी। पिछले साल 2018 में लगभग ढाई करोड़ कांवड़िए हरिद्वार आए। कांवड़ियों के लाठी, डंडे, हॉकी, त्रिशूल ले जाने पर भी पाबंदी लगाई गई है।

*-जन्मेजय खंडूड़ी, हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक*



कांवड़ मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

*-दीपेंद्र चौधरी, हरिद्वार के जिलाधिकारी*



कांवड़ मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था 24 घंटे होगी। सात फुट से ऊंची कांवड़ पर पाबंदी लगाई जाएगी। ट्रेन की छतों पर यात्रा करने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है।

*-नुपूर वर्मा, नगर आयुक्त, हरिद्वार नगर निगम*



दिलचस्प आंकड़े

| | | |
|---|---|---|
| रन | 21014 | सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा |
| विकेट | 625 | |
| छक्के | 340 | उच्चतम स्कोर डेविड वार्नर |
| अर्धशतक | 106 | |

## बारिश से रुका भारत-न्यूजीलैंड सेमी फाइनल

# आज आगे खेला जाएगा मैच

**नए सिरे से नहीं खेले जाएंगे मैच, न्यूजीलैंड बाकी बचे 3.5 ओवर खेलेगा। अगर फिर बारिश खलल डालती है और न्यूजीलैंड आगे बल्लेबाजी नहीं कर पाता है तो डकवर्थ लुईस पद्धति से भारत को 46 ओवरों में 237 रन बनाने होंगे। यदि केवल 20 ओवर का खेल संभव होता है तो भारत के सामने 148 रन क लक्ष्य होगा।**

मैनचेस्टर, 9 जुलाई (भाषा)।

भारतीय गेंदबाजों ने अपनी मारक क्षमता और अनुशासित गेंदबाजी का शानदार नमूना पेश करके विश्व कप के पहले सेमी फाइनल में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड पर अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा लेकिन बारिश के खलल के कारण मैच पूरा नहीं हो पाया और अब यह आगे बुधवार को खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड ने जब 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 211 रन ही बनाए थे तभी बारिश आ गई जिसके बाद दिन में आगे का खेल नहीं हो पाया। अंपायरों ने भारी बारिश के कारण आउटफील्ड गीली होने से मैच रिजर्व दिन को पूरा करने का फैसला किया। सेमी फाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखा गया है लेकिन इसमें मैच नए सिरे से शुरू नहीं होगा। इस तरह से बुधवार को न्यूजीलैंड बाकी बचे 3.5 ओवर खेलेगा और उसके बाद भारतीय पारी शुरू होगी। अगर बुधवार को भी बारिश खलल डालती है और न्यूजीलैंड आगे बल्लेबाजी नहीं कर पाता है तो डकवर्थ लुईस पद्धति से भारत को 46 ओवरों में 237 रन बनाने होंगे। यदि केवल 20 ओवर का खेल संभव होता है तो भारत के सामने 148 रन क लक्ष्य होगा। बुधवार को भी मैच पूरा नहीं होने की दशा में भारत लीग चरण में अधिक अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच जाएगा। बारिश आने से पहले हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने समां बांध रखा था। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलिमयसन (95 गेंदों पर 67) ने हेनरी निकोल्स (51 गेंदों पर 28) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 और रोस टेलर (नाबाद 67) के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन की दो अर्धशतकीय साझेदारियां की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने सही समय पर विकेट निकाले। जसप्रीत बुमराह (25 रन देकर एक) और भुवनेश्वर कुमार (30 रन देकर एक) ने शुरू से ही कसी हुई गेंदबाजी करके न्यूजीलैंड पर दबाव बनाया। बीच के ओवरों में रविंद्र जडेजा (34 रन देकर एक) ने यह भूमिका बखूबी निभाई। हार्दिक पंड्या (55 रन देकर एक) और युजवेंद्र चहल (63 रन देकर एक) ने भी अच्छी गेंदबाजी की भले ही आखिरी ओवरों में रन देने के कारण उनका गेंदबाजी विश्लेषण आकर्षक नहीं रहा।



बारिश के बाद पिच का निरीक्षण करते अंपायर।


गेंद शुरू में स्विंग ले रही थी तथा बुमराह और भुवनेश्वर ने बल्लेबाजों पर अच्छी तरह से दबाव बनाया। विराट कोहली टास गंवा बैठे और इसके बाद पहले गेंदबाजी करते हुए उन्होंने पहली गेंद पर अपना रेफरल भी गंवा दिया। मार्टिन गुप्टिल (एक) इसका फायदा नहीं उठा पाए और बुमराह ने चौथे ओवर में उन्हें कोहली के हाथों कैच कराकर स्कोर एक विकेट पर एक रन कर दिया। न्यूजीलैंड पहले पावरप्ले तक वह 27 रन तक ही पहुंच पाया जो इस विश्व कप में पहले दस ओवरों में किसी भी टीम का न्यूनतम स्कोर है। नकोल्स भले ही 18 ओवर से अधिक समय तक क्रीज पर रहे लेकिन इस बीच तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण के सामने उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा। विलियमसन और निकोल्स जब पारी संवार रहे थे तब जडेजा ने 'विकेट टु विकेट' गेंद करके बल्लेबाजों को परेशानी में रखा। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने अंदर आती गेंद पर निकोल्स को चकमा देकर उनका मिडिल स्टंप थर्राया और उन्हें लंबी पारी नहीं खेलने दी। पहले 25 ओवरों में स्कोर दो विकेट 83 रन था। इस बीच भारतीय गेंदबाजों ने 150 में से 102 गेंदों पर रन नहीं दिए थे जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गेंदबाज कितने हावी थे।

## विश्व कप डायरी

### 'अगर फाइनल में दोबारा इंग्लैंड से खेले तो भगवान हमारा साथ देगें'

मैनचेस्टर, 9 जुलाई (भाषा)।

भारत के कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विश्व कप लीग चरण में मेजबान टीम के खिलाफ हार के दौरान भगवान इंग्लैंड के साथ था लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि अगर टूर्नामेंट के फाइनल में दोनों टीमें दोबारा भिड़ती हैं तो वह उनके साथ होगा।



भारत अगर पहले सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो खिताबी मुकाबले में उसका सामना आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत ने लीग चरण में सात जीत के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड एकमात्र टीम थी जिसने लीग चरण के दौरान भारत को हराया था। खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे इंग्लैंड ने करो या मरो के मुकाबले में भारत को हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी थी।

आइसीसी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि उस दिन भगवान इंग्लैंड के ड्रेसिंग रूम में थे। उम्मीद करता हूं कि अगर हम अगले मैच में इंग्लैंड से खेलेंगे तो वह हमारे ड्रेसिंग रूम में होगें।

शास्त्री ने टूर्नामेंट के मौजूदा शीर्ष स्कोरर रोहित शर्मा की भी जमकर तारीफ की जो टूर्नामेंट में पांच शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, रोहित महानतम एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक है। वह इस प्रतियोगिता में रन बनाता या नहीं, वर्षों से उसके रेकार्ड पर नजर डालिए। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीन दोहरे शतक। शास्त्री ने कहा, किसी ने ऐसा नहीं किया है। शीर्ष क्रम में उसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

### ओल्ड ट्रैफर्ड के ऊपर नहीं उड़ सकेंगे विमान

मैनचेस्टर, 9 जुलाई (भाषा)।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को यहां होने वाले सेमी फाइनल के दौरान ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम के ऊपर विमान उड़ान नहीं भर सकेंगे क्योंकि स्टेडियम को 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।

श्रीलंका के खिलाफ हैडिंग्ले में टीम इंडिया के लीग मैच के दौरान निजी विमान से भारत विरोधी बैनर लहराए गए थे जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। यह फैसला यहां स्थानीय अधिकारियों से सलाह मशविरे के बाद लिया गया है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआइ को यह जानकारी दी है। इस फैसले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने एजंसी को बताया, हमने सुरक्षा में चूक की बात स्पष्ट तौर पर बताई थी और हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया था। इसके तहत ईसीबी ने सीईओ राहुल जोहरी को पुष्टि की है कि एक दिन के लिए ओल्ड ट्रैफर्ड के वायु क्षेत्र को 'नो फ्लाई जोन' घोषित किया गया है।



मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भारतीय प्रशंसक टीम का उत्साह बढ़ाते हुए।

## मीराबाई ने राष्ट्रमंडल सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

आपिया, 9 जुलाई (भाषा)।

पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के पहले दिन मंगलवार को स्वर्ण पदक जीता।



भारतीय दल ने आठ स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य समेत 13 पदक अपने नाम किए। मीराबाई ने महिलाओं के 49 किलो वर्ग में 191 किलो (84 प्लस 107) वजन उठाया। यहां से मिले अंक 2020 तोक्यो ओलंपिक की अंतिम रैंकिंग में काफी उपयोगी साबित होंगे। मीराबाई ने अप्रैल में चीन के निंगबाओ में एशियाई चैंपियनशिप में 199 किलो वजन उठाया था लेकिन मामूली अंतर से पदक से चूक गई थी। ओलंपिक 2020 की क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 18 महीने के भीतर छह टूर्नामेंटों में भारोत्तोलकों के प्रदर्शन पर निर्भर है। इसमें से चार सर्वश्रेष्ठ नतीजों के आधार पर निर्धारण होगा। झिल्ली डालाबेहरा ने 45 किलो वर्ग में 154 किलो वजन उठाकर पीला तमगा जीता। सीनियर 55 किलो वर्ग में सोरोइखाइबाम बिंदिया रानी और मत्सा संतोषी को स्वर्ण और रजत पदक मिले। पुरुष वर्ग में 55 किलो वर्ग में रिषिकांता सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

## छेत्री छठी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

नई दिल्ली, 9 जुलाई (भाषा)।

करिश्माई भारतीय कप्तान सुनील छेत्री को मंगलवार को रिकार्ड छठी बार वर्ष का एआइएफएफ का सर्वश्रेष्ठ भारतीय फुटबॉलर चुना गया।

पिछले दो वर्षों से अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में चल रहे इस 34 वर्षीय स्ट्राइकर को इससे पहले 2007, 2011, 2013, 2014 और 2017 में एआइएफएफ का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया था। वह अभी इंडियन सुपर लीग में बंगलुरु एफसी की तरफ से खेलते हैं। छेत्री के नाम पर अभी सक्रिय खिलाड़ियों में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं। उनके नाम पर 70 गोल हैं और वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो (149) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने ताजिकिस्तान के खिलाफ इंटरकांटिनेंटल कप के दौरान लियोनेल मेसी (68) को पीछे छोड़ा। भारतीय मिडफील्डर अब्दुल समद को एआइएफएफ वर्ष का उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। महिलाओं में आशालता देवी को एआइएफएफ की वर्ष की महिला फुटबॉलर जबकि डांगमेई ग्रेस को उदीयमान महिला खिलाड़ी चुना गया।

## पिछले चार वर्षों में आस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड का रेकार्ड बेहतर : रूट

बर्मिंघम, 9 जुलाई (भाषा)।

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने कहा उनकी टीम के पास चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले विश्व कप सेमी फाइनल मुकाबले में लीग मैच की हार का बदला लेने की क्षमता है। इंग्लैंड को आस्ट्रेलिया ने लॉड्र्स में खेले गए लीग मुकाबले में आसानी से हरा दिया था जिसके बाद घरेलू टीम पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा था। भारत और न्यूजीलैंड के खिाफ लगातार दो जीत दर्ज कर हालांकि टीम सेमी फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

विश्व कप के लीग मुकाबले से पहले आस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में भी इंग्लैंड को हराया था लेकिन इससे पहले इंग्लैंड ने उनके घरेलू मैदान पर एकदिवसीय श्रृंखला में 4-1 की जीत दर्ज की जबकि अपने घरेलू मैदान पर उन्हें 5-0 से हराया। रूट ने कहा, अगर आप पिछले 11 मुकाबलों को देखेंगे तो हम नौ बार विजेता रहे। उन्होंने कहा, टीम में खिलाड़ियों का जो समूह है पिछले चार में आस्टेलिया के खिलाफ उसका रेकार्ड सकारात्मक रहा है और उन्हें काफी सफलता मिली है। इंग्लैंड के टैस्ट टीम के इस कप्तान ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारे लिए यह चिंता की बात है। हम गुरुवार को खेले जाने वाले मैच के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले कुछ समय में मिली सफलता से प्रेरणा लेंगे। इंग्लैंड के लिए अच्छी बात यह है कि सलामी बल्लेबाज जेसन राय लय में आ गए।

## सेरेना, हालेप विंबलडन के सेमी फाइनल में

लंदन, 9 जुलाई (एएफपी)।

सेरेना विलियम्स ने मंगलवार को यहां हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एलिसन रिस्के पर तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में 12वीं बार सेमी फाइनल में जगह बनाई।

सात बार की चैंपियन सेरेना ने गैरवरीयता प्राप्त रिस्के को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया। इस मैच में सेरेना ने आखिर में अपने अनुभव का फायदा उठाया क्योंकि रिस्के ने दो घंटे तक चले मैच में उन्हें काफी संघर्ष करवाया। सैंतीस वर्षीय सेरेना हालांकि आखिर में विंबलडन में अपनी 97वीं जीत दर्ज करने में सफल रहीं। उक्रेन की आठवीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितलोना ने पहली बार इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने चेक गणराज्य की गैरवरीयता कारोलिना मुचोवा को 7-5, 6-4 से हराया। स्वितलोना सेमी फाइनल में रोमानिया की सिमोना हालेप से भिड़ेगी। उन्होंने चीन की झांग शुहाई को 7-6 (7/4), 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेरेना सेमी फाइनल में चेक गणराज्य की बारबोरा स्ट्रीकोवा का सामाना करेंगी जिन्होंने फ्रेंच ओपन की फाइनलिस्ट ब्रिटिश खिलाड़ी योहाना कोंटा को 7-6, 6-1 से पराजित किया। सेरेना के लिए क्वार्टर फाइनल की जीत आसान नहीं रही। रिस्के ने तीसरे सेट में आठवें गेम में चौथे ब्रेक प्वाइंट पर डबल फाल्ट किया। इसके बाद सेरेना ने अपनी सर्विस पर मैच जीता। पहले सेट में सेरेना ने दो अवसरों पर अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने सही समय पर वापसी की और रिस्के की सर्विस तोड़कर यह सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में हालांकि रिस्के ने नौवें गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 5-4 से बढ़त हासिल की और फिर अपनी सर्विस पर यह सेट जीतकर मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींचा।



**सेरेना विलियम्स**
गैरवरीयता अमेरिकी खिलाड़ी एलिसन रिस्के को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया।







रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 234, *हवाई शुल्कः* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।


कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।